**मृदुल कुमार**
**संयुक्त सचिव (हिंदी व संस्कृत)**

सत्यमेव जयते

**विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली**
MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
NEW DELHI

सं. क्यू/हिंदी/621/3(20)/2015

दिनांक 24 जून, 2015

प्रिय कुठियाला जी,

जैसा कि विदित है कि भोपाल में 10 से 12 सितंबर, 2015 तक आयोजित होने वाले 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन से संबंधित **प्रदर्शनी के आयोजन** का दायित्व आपके विश्वविद्यालय को सौंपा गया है।

10वें विश्व हिंदी सम्मेलन का मुख्य विषय **"हिंदी जगत : विस्तार एवं संभावनाएं"** रखा गया है। मुख्य विषय के अनुरूप विभिन्न विषयों पर शैक्षिक सत्र निर्धारित किए गए हैं, जिनके विषय निम्नानुसार हैं:-

1. विदेश नीति में हिंदी
2. प्रशासन में हिंदी
3. विज्ञान में हिंदी
4. सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी
5. विधि एवं न्याय में हिंदी
6. मीडिया में हिंदी
7. बाल साहित्य में हिंदी
8. गैर हिंदी राज्यों में हिंदी
9. हिंदी पत्रकारिता में भाषा की शुद्धता
10. गिरमिटिया देशों में हिंदी
11. विदेश में हिंदी अध्यापन का कार्य- समस्याएं एवं समाधान
12. विदेश में बसे हिंदी प्रेमियों के लिए भारत में हिंदी अध्ययन की सुविधा
13. देश और विदेश में प्रकाशन- समस्याएं एवं समाधान

आपसे अनुरोध है कि प्रदर्शनी का आयोजन मुख्य विषय व शैक्षिक सत्रों के विषयों को केन्द्र में रखते हुए किया जाए।

सादर

आपका

मृदुल कुमार

मृदुल कुमार

प्रो. बी. के. कुठियाला,
कुलपति, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय,
भोपाल

**प्रतिलिपि प्रेषित:**

1. डॉ. कमल किशोर गोयनका, उपाध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल, हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा.
2. श्री बलदेव भाई शर्मा , अध्यक्ष, नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली.
3. प्रो. सुरेश शर्मा, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा.